न्यायालय उपखण्ड अधिकारी रामगढ पचवारा दौसा

तारिख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज रामजीलाल बनाम राजस्थान सरकार 23/... मुकदमा	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तारीख को जारी हुये।
18/8/20	वकील प्रार्थी उपस्थित प्रकरण में तहसीलदार राहूवास से जांच रिपोर्ट पेश हुई शामिल पत्रावली की गई तहसीलदार जांच रिपोर्ट में ग्राम टोडा मीना के आराजी ख.न. 32 रकबा 4 बीघा 8 बिस्वा ख.न. 117 रकबा 17 बीघा 11 बिस्वा ख.न. 5 रकबा 1 बीघा 5 बिस्वा ख.न. 99 रकबा 3 बीघा 18 बिस्वा ख.न. 102 रकबा 4 बिस्वा में वर्तमान में प्रार्थी का नाम मीठालाल पुत्र हरसहाय राजस्व रिकोर्ड में दर्ज है जबकि प्रार्थी का वास्तविक नाम रामजीलाल पुत्र हरसहाय है प्रार्थी ने इस संबंध में राशन कार्ड पेन कार्ड मतदाता पहचान पत्र आधार कार्ड एवं ड्राईविंग लाइसेंस की फोटोकापी में प्रार्थी का नाम भी रामजीलाल दर्ज है तथा रामजीलाल व मीठालाल एक ही व्यक्ति है इस संबंध में मौका पर्चा तैयार किया गया जिस पर लोगो के हस्ताक्षर कराये गये जो शामिल पत्रावली है वकील प्रार्थी की बहस सुनी गई प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया गया तथा प्रार्थना पत्र के साथ दस्तावेजों का अवलोकन किया गया तहसीलदार की जांच रिपोर्ट का अवलोकन किया गया। अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाना न्यायोचित समझती हुं प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर तहसीलदार राहूवास को आदेश दिये जाते है कि आराजी ख.न. 32 रकबा 4 बीघा 8 बिस्वा ख.न. 117 रकबा 17 बीघा 11 बिस्वा ख.न. 5 रकबा 1 बीघा 5 बिस्वा ख.न. 99 रकबा 3 बीघा 18 बिस्वा ख.न. 102 रकबा 4 बिस्वा वाकै ग्राम टोडा मीना पटवार हल्का नयावास तहसील राहूवास जिला दौसा के राजस्व रिकोर्ड में अंकित मीठालाल पुत्र हरसहाय को विलोपित कर उसके स्थान पर रामजीलाल पुत्र हरसहाय का अंकन राजस्व रिकार्ड में करे। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो तथा नंबर से कम हो	